D7X4B4

# ८ चतुर चूहा



एक चूहा था । वह रास्ते पर जा रहा था । उसे कपड़े का एक टुकड़ा मिला । वह उसे लेकर आगे बढ़ा । उसने एक दरजी की दुकान देखी । दरजी के पास जाकर उसने कहा –

**चूहा** : दरजी रे दरजी ! इस कपड़े की टोपी सी दे ।

**दरजी** : यह कौन बोल रहा है ?

**चूहा** : मैं चूहा; चूहा बोल रहा हूँ । इसकी एक टोपी सी दे ।

**दरजी** : चल..... रास्ता नाप । वरना कैंची उठाकर मारूँगा ।

**चूहा** : अरे ! तू मुझे डरा रहा है ...

**कचहरी में जाऊँगा, सिपाही को बुलाऊँगा,**
**तुझे खूब पिटवाऊँगा, और तमाशा देखूँगा ।**

यह सुन दरजी डर गया । उसने झटपट टोपी सी दी ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

टोपी पहनकर चूहा आगे बढ़ा। रास्ते में कशीदाकार की दुकान देखी। चूहे को टोपी पर कशीदा कढ़ाने की इच्छा हुई।

**चूहा** : भाई ! मेरी टोपी पर थोड़ा कशीदा काढ़ दे। कशीदाकार ने चूहे की ओर देखा। फिर उसे धमकाया और कहा – 'चल...चल... यहाँ किसे फुरसत है !'

**चूहा** : अच्छा, तो तू भी मुझे भगा रहा है, लेकिन सुन,

**कचहरी में जाऊँगा, सिपाही को बुलाऊँगा,**

**तुझे खूब पिटवाऊँगा, और तमाशा देखूँगा।**



यह सुन कशीदाकार घबराया। उसने चूहे को कचहरी में जाने से रोका। उससे टोपी लेकर उस पर अच्छा कशीदा काढ़ दिया। चूहा तो खुश हो गया।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## शब्दार्थ

**नाप** माप **झटपट** जल्दी-जल्दी, शीघ्र **कशीदा** कढ़ाई, गुज. ભરતકામ **फुरसत** अवकाश, गुज. નવરાશ **कचहरी** अदालत **सिपाही** सैनिक **कैंची** गुज. કાતર **कशीदाकार** सुई-धागे से कपड़े पर बेल-बूटा बनानेवाला

## अभ्यास

**प्रश्न १. ऊँची आवाज़ में पढ़िए और लिखिए :**

| | |
|---|---|
| च्छ | स्वच्छ, मच्छर, अच्छा, इच्छा |
| ऊँ | बुलाऊँगा, पिटवाऊँगा, जाऊँगा |
| ई | कढ़ाई, पढ़ाई, बधाई |
| ध्या | अयोध्या, ध्यान, स्वाध्याय, अध्याय |
| व्य | व्यसन, व्यापारी, वायव्य, कर्तव्य |

**प्रश्न २. नीचे दिए गए चित्र का मौखिक वर्णन कीजिए :**




**प्रश्न ३. सूचना के अनुसार अभिनय कीजिए :**

- दौड़ना
- तीर छोड़ना
- साइकिल में हवा भरना
- गन्ना चूसना
- पानी भरने के लिए हैंडपंप हिलाना
- लड्डू खाना



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न ४. निम्नलिखित पेशेवालों पर चार-चार वाक्य बोलिए :**

(१) दरजी
(२) सिपाही
(३) बढ़ई

## स्वाध्याय

**प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(१) चूहा कपड़ा लेकर किसके पास गया ?
(२) चूहे ने दरजी से क्या कहा ?
(३) कशीदाकार क्या सुनकर घबराया ?
(४) चूहा कब खुश हुआ ?
(५) कशीदाकार क्या करता है ?

**प्रश्न २. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :**

(१) चूहा
(२) दुकान
(३) सिपाही
(४) दरजी
(५) टोपी
(६) कचहरी

**प्रश्न ३. अगर चूहा धोबी की दुकान पर जाता तो क्या कहता ?**

**प्रश्न ४. अगर दरजी और कशीदाकार चूहे की बात से नहीं डरते तो चूहा क्या करता ?**

P7E6J6



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in